# सक्सेस मिरर

सफलता का कैप्सूल

वर्ष : 9
अंक : 100
मई : 2018

Visit us at : www.pdgroup.in


## इस अंक में...


6 | प्रयास का सातत्य सफलता की कुंजी

8 | समसामयिकी घटना संग्रह

10 | समसामयिकी संक्षिप्तकियाँ

18 | आर्थिक घटना संग्रह

- एसबीआई ने न्यूनतम मासिक बैलेंस का जुर्माना कम किया
- टेलीकॉम कम्पनी एयरसेल ने दीवालिया घोषित करने का आवेदन दिया
- आईबीबीआई और आरबीआई में समझौता

24 | राष्ट्रीय घटना संग्रह

- उच्चतम न्यायालय ने कुछ शर्तों के साथ स्वेच्छा से मृत्यु की अनुमति प्रदान की
- भगोड़ा आर्थिक अपराधी विधेयक, 2018 के प्रस्ताव को मंजूरी
- महाराष्ट्र में प्रथम मेगा फूड पार्क की स्थापना

29 | अन्तर्राष्ट्रीय घटना संग्रह



- फ्रांस के राष्ट्रपति की चार दिवसीय राजकीय भारत यात्रा
- वियतनाम के राष्ट्रपति की तीन दिवसीय भारत यात्रा
- जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला की भारत यात्रा
- भारत-मेसीडोनिया समझौते ज्ञापन को मंजूरी
- भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार खरीददार

32 | खेल खिलाड़ी

- शीतकालीन ऑलम्पिक खेलों में नॉर्वे शीर्ष पर रहा
- आईपीएल का आधिकारिक अम्पायर पार्टनर



- इंडिया 'बी' ने कर्नाटक को पराजित कर देवधर ट्रॉफी अपने नाम की

35 | महत्वपूर्ण तथ्य संग्रह


## लेख


39 | सामाजिक लेख—भारतीय नारी शक्ति : स्थिति और सामर्थ्य

40 | स्वास्थ्य लेख—बिना मंजूरी की एंटीबायोटिक्स से बढ़ा सुपरबग का खतरा

41 | परिवहन लेख—भारतीय रेलवे : संरक्षा के विभिन्न उपाय

85 | सामान्य जागरूकता—आगामी रेलवे भर्ती परीक्षा हेतु विशेष

87 | प्रथम पुरस्कृत तार्किक प्रतियोगिता

88 | तार्किक प्रतियोगिता क्रमांक-97 का परिणाम

89 | रोजगार अवसर


## हल प्रश्न-पत्र


45 | मध्य प्रदेश पुलिस आरक्षक (जनरल ड्यूटी) भर्ती परीक्षा, 2017

54 | मध्य प्रदेश सहायक उपनिरीक्षक (एल.डी.सी.) एवं सूबेदार (स्टेनोग्राफर) परीक्षा, 2017

58 | मध्य प्रदेश जेल विभाग, कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक और राज्य वन विकास निगम लि. भोपाल संयुक्त भर्ती परीक्षा, 2017

64 | आगामी उत्तर प्रदेश पुलिस कॉस्टेबिल भर्ती परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न

72 | आगामी रेलवे भर्ती बोर्ड सहायक लोको पायलट/तकनीशियन भर्ती परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न

77 | आगामी रेलवे भर्ती बोर्ड ग्रुप 'डी' हेतु विशेष हल प्रश्न

82 | फिटर शॉप थ्योरी—आगामी आर.आर.बी. परीक्षा के लिए विशेष हल प्रश्न



सर्वाधिकार सुरक्षित, प्रकाशक की पूर्व लिखित अनुमति के इस मैगजीन का कोई भी भाग न तो पुनरुत्पादित किया जाएगा और न किसी भी रूप में, जैसे—इलेक्ट्रॉनिक, मेकेनीकल, फोटोकॉपीइंग, रिकॉर्डिंग अथवा अन्य प्रकार स्टोर किया जाएगा. हालांकि इस संस्करण में प्रकाशित सूचनाओं के सही होने का हरसम्भव प्रयास किया गया है, फिर भी न तो प्रकाशक व न अन्य कोई कर्मचारी किसी भी त्रुटि अथवा छूट के लिए उत्तरदायी होगा. अस्वीकृत रचनाओं को लेखकों को वापस भेजने के लिए उनके साथ स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा मय उपयुक्त डाक टिकटों के प्राप्त होगा. रचना के देर से पहुँचने अथवा रास्ते में खो जाने की कोई जिम्मेदारी नहीं ली जाती. पत्रिका में लेखकों द्वारा प्रेषित बयानों, विचारधाराओं तथा प्रकाशित विज्ञापनों की कोई जिम्मेदारी **'सक्सेस मिरर'** की नहीं है.



**सम्पादक** : महेन्द्र जैन

**रजिस्टर्ड ऑफिस** : 2/11-ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2

**सम्पादकीय ऑफिस**
1, स्टेट बैंक कॉलोनी, वन चेतना केन्द्र के सामने
आगरा–मथुरा बाईपास, आगरा–282 005
फोन– 4053333, 2531101, 2530966
फैक्स– (0562) 4053330
ई-मेल: सम्पादकीय: publisher@pdgroup.in
कस्टोमर केयर: care@pdgroup.in

**दिल्ली ऑफिस**
4845, अंसारी रोड, दरियागंज,
नई दिल्ली–110 002
फोन– 011-23251844/66

**पटना ऑफिस**
पारस भवन (प्रथम तल),
खजांची रोड,
पटना– 800 004
फोन– 0612-2303340
मो– 09334137572

**कोलकाता ऑफिस**
H-3, ब्लॉक-B, म्यूनिसिपल प्रीमिसेस No. 15/2, गालिफ स्ट्रीट, पी.एस. श्यामपुकुर,
कोलकाता– 700 003 (W.B.)
फोन– 033-25551510

**हैदराबाद ऑफिस**
16-11-23/37, मूसारामबाग, टीगन गुडा आर.
टी.ए. ऑफिस के सामने मेन रोड
(आन्ध्रा बैंक के बगल में), हैदराबाद–500 036
(तेलंगाना) फोन– 040-24557283

**हल्द्वानी ऑफिस**
8-310/1, ए. के. हाउस
हीरानगर, हल्द्वानी,
जिला–नैनीताल–263 139
(उत्तराखण्ड)
मो– 07060421008

**इन्दौर**
30-31, जिन्सी हाट मैदान,
बाबा रामदेव मंदिर के निकट
मलहारगंज
इन्दौर– 452 002 (म.प्र.)
फोन– 9203908088

**लखनऊ ऑफिस**
B-33, बलंट स्क्वायर, कानपुर
टैक्सी स्टैण्ड लेन, मवइंया,
लखनऊ– 226 004
फोन– 0522-4109080
मो– 09760181118

**नागपुर ऑफिस**
1461, जूनी शुक्रवारी,
सक्करदरा रोड, हनुमान
मन्दिर के सामने,
नागपुर–440 009 (महाराष्ट्र)
फोन– 0712-6564222
मो– 09370877776




# प्रयास का सातत्य सफलता की कुंजी

—साध्वी वैभवश्री 'आत्मा'

चाहे आपका लक्ष्य कितना ही छोटा या बड़ा हो, चाहे आप किसी भी वय या क्षेत्र से सम्बन्धित क्यों न हों, प्रत्येक को सफल होने के लिए सतत् पुरुषार्थ की आवश्यकता तो होगी ही.

प्रत्येक तन्तु को धैर्य व सातत्य से आड़ा-तिरछा जोड़ा जाता है, तब बुनकर वस्त्र बना पाता है. प्रत्येक ईंट को जोड़कर ही मकान बनता है. जब कभी आप उन ईंटों को बनाते व बाजार तक लाने व घर बनाने की प्रक्रिया में उपयोगिता होते देखोगे, तो आश्चर्य किए बिना नहीं रहोगे कि कैसे हर ईंट को पहले मिट्टी में पका कर, सुखा कर तैयार करने के बाद ट्रक व गाड़ियों में चढ़ाया जाता है फिर धैर्य व उपयोग से उतारा व जमाया जाता है. प्रत्येक काम में लगातार धीरज व श्रम लगता है, किन्तु जो लोग शीघ्र उकताने वाले हैं, उन्हें यह प्रक्रिया बेहद उबाऊ लगेगी. वे हर कार्य को अल्प समय में पूर्णता तक पहुँचाने की इच्छा रखते हैं और इसी कारण से कितने ही बड़े लक्ष्यों को निर्धारित करके बड़ी-बड़ी बातें भले वे कर लें, किन्तु शान्ति व सातत्य से रहित होने के कारण अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाते हैं.

वरदराज, छोटी उम्र का लड़का था. उसका पढ़ने में मन नहीं लगता था. कई-कई घण्टे व्यतीत कर देने के बाद भी उसे कुछ याद नहीं होता था. आखिर एक दिन दुःखी होकर वह घर छोड़कर भाग गया. उस रात को उसने एक सराय में रात काटी. घर की याद बहुत सता रही थी, नींद जरा भी नहीं लग रही थी. वह ठण्ड के मारे ठिठुर भी रहा था. रात में उसकी दृष्टि जमीन पर उल्टे पड़े एक कीड़े पर गई. कीड़ा बार-बार सीधा होने का प्रयास करता, पर फिर उल्टा हो जाता. तीस-चालीस बार प्रयास करने पर भी वह सीधा नहीं हो पाया. आखिरकार उसने इकतालीसवीं बार भी प्रयास किया और सीधा हो गया. इस घटना का वरदराज के हृदय पर बड़ा प्रभाव पड़ा. वह तुरन्त घर लौट गया और पूरे मनोयोग से उसने पढ़ना शुरू कर दिया. वही वरदराज, आगे चलकर संस्कृत का उद्भट्ट विद्वान् बना. असफलता केवल प्रयासों की सातत्यता और धैर्य की कमी का ही परिणाम था. प्रयास जब पूरे मनोयोग से और लगातार हो तभी सफलता मिलती है.